University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष
100 Years 1920-2020

# University in News on 30 November 2021

**i-NEXT PAGE 6**

## एलयू में शुरू यूजी, पीजी थर्ड सेमेस्टर के मिड टर्म एग्जाम

**विभाग स्तर पर दी गई है एग्जाम की जिम्मेदारी**

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (29 Nov): लखनऊ यूनिवर्सिटी में मंडे को अंडर ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सेज के थर्ड सेमेस्टर के मिड टर्म एग्जाम शुरू हो गए. इन एग्जाम को कराने की जिम्मेदारी संबंधित विभागों को दी गई. पहले दिन बीए आनर्स, मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (सीएम), मास्टर ऑफ सोशल वर्क, मास्टर ऑफ पॉपुलेशन स्टडीज, एमए क्रिमिनोलॉजी (सीसीजेए) के एग्जाम में 210 स्टूडेंट्स उपस्थित हुए.

### इन सब्जेक्ट के होंगे पेपर

यूनिवर्सिटी में मिड टर्म सेमेस्टर एग्जाम का समय सुबह नौ से 10 बजे तक तय किया गया है. सुबह बीए आनर्स थर्ड इयर में सोशल थर्ड इयर में सोशल प्रॉब्लम इन इंडिया, पांचवें सेमेस्टर में सोशल वेलफेयर एडमिनिस्ट्रेशन, मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (सीएम) थर्ड सेमेस्टर, एमएसडब्ल्यू थर्ड सेमेस्टर में सोशल वर्क : इमर्जिंग इशूज एंड रिसेंट ट्रेंड्स, मास्टर ऑफ पॉपुलेशन स्टडीज- थर्ड सेमेस्टर में पॉपुलेशन एंड इन्वायरमेंट, एमए क्रिमिनोलॉजी एंड क्रिमिनल जस्टिस एडमिनिस्ट्रेशन थर्ड सेमेस्टर में विक्टिमोलॉजी एंड विक्टम असिस्टेंट विषय के एग्जाम थे.

### फीस जमा करने का एक और मौका

**LUCKNOW (29 Nov):** लखनऊ यूनिवर्सिटी ने सेशन 2020-21 के ऑड सेमेस्टर के स्टूडेंट्स को फीस जमा करने का एक और मौका दिया है. ऐसे स्टूडेंट्स जिन्होंने अभी कोविड-19 की वजह से फीस नही जमा की है, वे अब 10 दिसंबर तक फीस जमा कर सकते है. यह आदेश यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह ने जारी कर दिया है.

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

## लविवि : 10 दिसंबर तक जमा करें फीस

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने कोरोना या अन्य वजह से फीस जमा नहीं करा पाए छात्र-छात्राओं को फीस जमा कराने का एक और मौका दिया है। विवि ने ऐसे विद्यार्थियों को 10 दिसंबर तक फीस जमा करने को कहा। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह की ओर से जारी सूचना के अनुसार विद्यार्थी अपने प्राधिकारियों से ऑनलाइन अनुमति लेकर यूडीआरसी लॉगिन पर फीस जमा करा सकते हैं।

### आयुष को सीएम स्वर्ण पदक

लखनऊ। एनसीसी दिवस पर एनसीसी निदेशालय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में लखनऊ विवि के एनसीसी के कंपनी क्वार्टर मास्टर सार्जेंट आयुष चौहान को मुख्यमंत्री स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। कुंडा, प्रतापगढ़ के रहने वाले आयुष बीएससी पांचवें सेमेस्टर के छात्र हैं और हबीबुल्लाह छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय सहित हॉस्टल के प्रोवोस्ट डॉ. महेंद्र कुमार अग्निहोत्री और छात्रावास के सभी अंतःवासियों ने आयुष को बधाई दी। (माई सिटी रिपोर्टर)

### सात छात्रों का प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय में सोमवार को डेयलॉट कंपनी की ओर से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें 7 विद्यार्थियों प्रियम वर्मा, अनन्या जौहरी, अपर्णा वर्मा, प्राची गौतम, केशव त्रिवेदी, उत्कर्ष श्रीवास्तव, कृष्णांश करनवाल का चयन एसोसिएट एनालिस्ट के पद पर हुआ। इन्हें 3.82 लाख सालाना का पैकेज दिया गया। प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन डॉ. हिमांशु पांडेय ने किया। (माई सिटी रिपोर्टर)

**JAGRAN CITY PAGE III**

### एमएससी प्लांट साइंस में सत्यापन आज

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के एमएससी प्लांट साइंस सेमेस्टर प्रथम में इस साल जिन विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है, उनके अभिलेखों का सत्यापन 30 नवंबर को सुबह 10.30 से दोपहर 2.30 बजे तक होगा। विद्यार्थियों को वनस्पति विज्ञान विभाग में समय से पहुंचना होगा। इसका नोटिफिकेशन विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है। (जासं)

### लवि के सात और छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) के इंजीनियरिंग संकाय के सात और विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। एसोसिएट एनालिस्ट के पद पर प्रियम वर्मा, अनन्या जोहरी, अपर्णा वर्मा, प्राची गौतम, केशव त्रिवेदी, उत्कर्ष श्रीवास्तव और कृष्णांश करनवाल का चयन हुआ। कंपनी ने चयनित विद्यार्थियों को 3.82 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज दिया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं इंजीनियरिंग संकाय के इंचार्ज प्रोफेसर आरएस गुप्ता ने सभी चयनित छात्रों को बधाई दी। (जासं)

### विद्यार्थियों को 10 तक फीस जमा करने का मौका

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2020-21 के विषम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को फीस जमा करने का चौथी बार मौका दिया है। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने अब तक कोविड-19 महामारी की वजह से फीस नहीं जमा की है, उन्हें अंतिम अवसर देते हुए 10 दिसंबर तक समय दिया गया है। सोमवार को कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने निर्देश जारी किए हैं। अभी तक 25 नवंबर तक फीस जमा करने का समय तय था। (जासं)